**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–21.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **38 विधानसभा क्षेत्रों पर कल हुए मतदान में 68 प्रति"ात से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग, नाला विधानसभा सीट के लिए सबसे अधिक 80 प्रति"ात से ज्यादा पड़े वोट।**

2. **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि आज दोपहर तक सभी ईवीएम स्ट्रॉंग रूम में कर दी जाएगी सील।**

3. **अंतिम चरण का मतदान सम्पन्न होने के बाद सभी जिलों में में मतगणना की तैयारियां भाुरू।**

4. **एनडीए और इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने अपनी अपनी जीत का किया दावा।**

**और**

5. **पूरे प्रदे"ा में पछुआ हवा के कारण बढ़ी ठंड, 6 द"ामलव दो डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ रांची का कांके रहा सबसे ठंडा इलाका।**

**समाचार विस्तार से**

*********************

विधानसभा क्षेत्रों पर कल हुए मतदान में 68 प्रति"ात से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चरण में नाला सीट के लिए सबसे ज्यादा अस्सी दशमलव तीन तथा सबसे कम बोकारो के लिए बावन दशमलव शून्य छह प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक दूसरे चरण की 38 सीटों पर हुए चुनाव में 21 सीटों पर 70 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। जबकि, 10 सीटों पर 65 से 70 प्रतिशत, चार सीटों पर 60 से 65 प्रतिशत तथा 3 सीटों पर 52 से 55 प्रतिशत वोटिंग हुई।

*********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा के दूसरे और अंतिम चरण में 38 सीटों पर छिटपुट घटनाओं को छोड़ मतदान शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने बताया कि आज दोपहर तक एंड ऑफ पोल की रिपोर्ट आने के बाद सभी ईवीएम स्ट्रॉंग रूम कर दी जाएगी सील।

*********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि दूसरे चरण के मतदान के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के छह मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि मतदान की गोपनीयता भंग करने के आरोप में मधुपुर और गांडेय विधानसभा क्षेत्र के एक एक पीठासीन पदाधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाइ की जा रही है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक लगभग 207 करोड़ रुपए की अवैध सामग्री और नगदी जब्त हो चुकी है।

*********************

विधानसभा के अंतिम चरण का मतदान सम्पन्न होने के बाद सभी जिलों में मतगणना की तैयारियां शुरू हो गई है। इस सिलसिले में स्ट्रॉग रूम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में ईवीएम को रखा गया है। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अपने अपने जिलों में बनाए गए वज्रगृहों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को कई आव"यक निर्दे"ा दिए। सभी जिलों में विधानसभावार मतों की गिनती की जाएगी। इसके लिए टेबूल लगाने की व्यवस्था शुरू की जा रही है।

*****************

गढ़वा के कृषि उत्पादन बाजार समिति में बनाए गए स्ट्रांग रुम  का फायर अलार्म बजने से वहां मौजूद विभिन्न प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के बीच अफरातफरी मच गई। यहां से झामुमो के प्रत्याशी औऱ मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर ने तकनीकी खराबी की वजह से फायर अलार्म के बजने की बात कही है।

*****************

एनडीए और इंडिया ब्लॉक ने विधानसभा चुनाव के मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अपनी–अपनी जीत के दावे किए हैं । भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दावा किया कि झारखंड में अगली सरकार एनडीए की बनेगी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी का दावा है कि हेमंत सरकार का जाना तय है।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भी एनडीए को पूर्ण बहुमत मिलने का दावा किया है।

*****************

इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा की कल्पना सोरेन ने कहा कि जनादेश इंडिया गठबंधन के पक्ष में आएगा।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी कहा है कि अगली सरकार इंडिया गठबंधन की बनेगी।

*****************

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं अगले वर्ष 15 फरवरी से शुरू होंगी। बोर्ड की ओर  से दोनों परीक्षाओं के शुरू होने से 86 दिन पहले ही डेट शीट जारी कर दी गयी है। परीक्षार्थी बोर्ड की वेबसाइट सीबीएसई डॉट इन पर डेट शीट डाउनलोड कर सकते हैं। दसवीं की परीक्षाएं 18 मार्च को  तथा  12 बोर्ड की  परीक्षा 4 अप्रैल को समाप्त होगी।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्य के सभी हिस्सों में ठंड का असर देखने को मिल रहा है। विशेषकर सवेरे और देर शाम लोगों को सर्दी  का ज्यादा अहसास हो रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, पछुआ हवाओं की वजह से झारखंड के मौसम में यह बदलाव देखने मिल रहा है। रांची के कांके का कल न्यूनतम तापमान 6 द"ामलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जो कि पूरे प्रदे"ा में सबसे कम है। वहीं, अगले तीन दिनों के दौरान सुबह– शाम धुंध छाए रहने की संभावना है।

*********************

जमशेदपुर की मेजबानी में झारखंड सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आगाज आज हो रहा है। इस चैंपियनशिप में 26 टीमें हिस्सा ले रही है। इसमें पुरुष वर्ग की 15 तथा महिला वर्ग में 11 टीमें शामिल है।  प्रतियोगिता के पहले दिन सात मुकाबले होंगे, जबकि कल 18 मैच खेले जाएंगे  ।

*********************

**अखबारों की सुर्खियां**

रांची से प्रकाशित सभी अखबारों ने दूसरे चरण का मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न होने तथा विभिन्न एजेंसियों के एग्जिट पोल से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रका"ात किया है।

**प्रभात खबर** लिखता है– वोटिंग में गांव फिर शहरों से आगे निकले।

**हिंदुस्तान** के शब्द हैं– वोटिंग में कोयलांचल से संथाल आगे।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है–  झारखं डमें कांटे की टक्कर, महाराष्ट्र में एनडीए को बढ़त संभव।

**दैनिक जागरण** लिखता है– अंतिम चरण में बम्पर वोटिंग।

अंग्रेजी अखबार **द टाइम्स ऑफ इंडिया** और **हिंदुस्तान टाइम्स** ने झारखंड और महाराष्ट्र में एनडीए और इंडिया ब्लॉक के गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला होने की खबर को पहले पन्ने पर प्रका"ात किया है।

********समाप्त**************